# राजस्थान समसामयिकी अक्टूबर, 2022

# राजस्थान समसामयिकी अक्टूबर , 2022
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 October, 2022

- **राजस्थान वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2022 की पहली ट्रेन रामेश्वरम् के लिए रवाना हुई—**

30 सितम्बर, 2022 को राजस्थान वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2022 के तहत पहली ट्रेन रामेश्वरम् के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। ट्रेन को श्रेया व्यास (छोटी बच्ची) ने हरी झंडी दिखाई।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना वर्ष 2013 में शुरू हुई थी और इसके तहत गत 9 वर्षों में लगभग 92 हजार से अधिक लोग नि:शुल्क तीर्थ यात्रा कर चुके हैं।

इस वर्ष देवस्थान विभाग इस योजना के तहत 14 तीर्थ स्थलों पर वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन से ले जाया जा रहा है। (पूर्व में यह 12 थे) तथा नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ के मंदिर के लिए हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराई जाएगी।

राजस्थान सरकार में देवस्थान विभाग मंत्री शंकुतला रावत हैं।

- **राजस्थान ऊर्जा विकास निगम ने बिजली खरीद के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया (सेकी) के माध्यम से 6 कंपनियों से 1785 मेगावाट बिजली खरीद के लिए 20 वर्ष के लिए अनुबंध किया; ₹ 2.17 से ₹ 2.18 प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलेगी-**

हाल ही में राजस्थान ऊर्जा विकास निगम ने बिजली खरीद के लिए सोलर ऊर्जा एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया (सेकी) के माध्यम से 6 कंपनियों से बिजली खरीद के लिए 20 वर्ष के लिए अनुबंध किया है। इस अनुबंध के तहत 1785 मेगावाट बिजली ₹ 2.17 से ₹ 2.18 प्रति यूनिट की दर से मिलेगी।

सेकी के माध्यम से निम्न कंपनियों से बिजली खरीद होगी—

| **कंपनी का नाम** | **क्षमता** (मेगावाट में) | **टैरिफ दर** (रु./यूनिट) |
|---|---|---|
| कैल्पाइन सब्सिको सोलर एनर्जी | 90 | 2.17 |
| रिन्यू सोलर पावर | 600 | 2.18 |
| एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी | 500 | 2.17 |
| स्प्रिंग नेचुरल पावर | 200 | 2.17 |
| मेटका इंजी. सिंगापुर होल्डिंग | 20 | 2.17 |
| एसीएमई सोलर होल्डिंग | 375 | 2.18 |

- **राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (SJED) ने उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का मोबाइल एप प्रारम्भ किया—**

30 सितम्बर, 2022 को राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का मोबाइल एप प्रारम्भ किया। यह एप आवेदन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाने के लिए शुरू किया गया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना आवेदन एप और मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना पोर्टल के नवीनीकृत स्वरूप को शुरू किया।

## Newspaper of 3 October, 2022

- **राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 1.25 करोड़ लोगों ने सर्वधर्म प्रार्थना कर विश्व रिकॉर्ड बनाया—**

2 अक्टूबर, 2022 गांधी जयंती के अवसर पर जयपुर के SMS स्टेडियम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई।

संजीव प्रकाशन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से 1.25 करोड़ लोगों ने एक साथ मिलकर सर्वधर्म प्रार्थना करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस रिकॉर्ड के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्डर्स, लंदन से हाथों-हाथ सर्टिफिकेट भी मिला।

- **राजस्थान में पाँच गांधीवादी विचारकों को गांधी सद्भावना सम्मान मिला—**

2 अक्टूबर, 2022 गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 5 गांधीवादी विचारकों को गांधी सद्भावना सम्मान से सम्मानित किया।

गाँधी सद्भावना सम्मान निम्न को मिला–

- डॉ. एस. एन. सुब्बाराव (मरणोपरांत)
- नेमीचन्द जैन (मरणोपरांत)
- अमरनाथ भाई जी
- प्रशान्त कुमार (गांधी पीस फाउण्डेशन के अध्यक्ष)
- डी. आर. मेहता (भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के फाउण्डर और चीफ पेट्रन)

इन्हें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुरस्कार स्वरूप ₹ 5 लाख की सम्मान राशि, मोमेन्टो, प्रशस्ति-पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

- **चित्तौड़गढ़ में 68वें वन्यजीव सप्ताह का शुभारम्भ हुआ—**

2 अक्टूबर, 2022 को चित्तौड़गढ़ में वन विभाग की ओर से 68वें वन्यजीव सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत साइकिल रैली, वन भ्रमण, कठपुतली, निबंध, चित्रकला आदि का आयोजन कर वन तथा वन्यजीव संरक्षण के महत्त्व के प्रति जागरुकता व चेतना जागृत की गई।

## Newspaper of 4 October, 2022

- **राजस्थान को गौरवान्वित करने वाली 6 विभूतियों को राजस्थान रत्न का सम्मान—**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा दिए जाने वाले राजस्थान रत्न अवार्ड की घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई। राजस्थान रत्न अवार्ड निम्न 6 विभूतियों को दिया गया–

- इंटरनेशनल कोर्ट के जस्टिस दलबीर भंडारी।
- सेवानिवृत्त जस्टिस आर.एम. लोढ़ा।
- वेदान्ता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल।
- मित्तल समूह के चेयरमैन एल. एन. मित्तल।
- शायर शीन काफ निजाम
- वीणा कैसेट्स के के.सी. मालु।

## Newspaper of 5 October, 2022

- **स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) कार्यक्रम—2022 में उदयपुर जिला राजस्थान में प्रथम रहा—**

हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) कार्यक्रम-2022 में उदयपुर जिला राजस्थान में प्रथम रहा है तथा यह पूरे देश में 60वें स्थान पर रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) कार्यक्रम-2022 भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग ने करवाया।

उदयपुर के राजस्थान में प्रथम रहने के निम्न कारण रहे—

- उदयपुर में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन में लगभग 199 गांवों में घर-घर कचरा संग्रहण करना शुरू किया गया।
- इन गांवों में गंदे पानी के प्रबंधन हेतु हैण्डपम्प के पास 1669 सोखते गड्ढे बनाए गए।
- 660 सामूहिक गड्ढों का निर्माण पूरा किया गया।
- 425 गांव कीचड़ या जल-भराव से मुक्त हुए।

**विशेष—**

- स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) कार्यक्रम–2022 में राजस्थान को उत्तर क्षेत्र के राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में दीवार लेखन (वॉल पेंटिंग) अभियान ओडीएफ प्लस, गोबर धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, धूसर जल प्रबंधन, मलीय कीचड़ प्रबंधन में प्रथम पुरस्कार और जैविक कचरा प्रबंधन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।
- राजस्थान देश में खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) प्लस की उदीयमान श्रेणी में भी राष्ट्रीय स्तर पर आठवें स्थान पर रहा है।
- राष्ट्रीय फिल्म प्रतियोगिता में बूंदी जिले की ग्राम पंचायत रामनगर को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) कार्यक्रम–2022 की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति 'द्रोपदी मुर्मू' रहीं।
- 'स्वच्छ भारत दिवस' प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन मनाया जाता है।

## Newspaper of 6 October, 2022

- **लीजेंड्स लीग क्रिकेट का खिताब इंडिया कैपिटल्स ने जीता—**

5 अक्टूबर, 2022 को हुए इंडिया लीग क्रिकेट के फाइनल मैच को जीतकर इंडिया कैपिटल्स ने खिताब अपने नाम किया। इंडिया कैपिटल्स ने यह खिताब भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से हराकर जीता। प्लेयर ऑफ द सीरीज यूसुफ पठान तथा प्लेयर ऑफ द मैच रॉस टेलर रहे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 7 October, 2022

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के 'हवा सड़क' एलिवेटेड रोड़ का उद्घाटन किया; 'भारत जोड़ो मार्ग' नाम दिया—**

6 अक्टूबर, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के हवा सड़क (सोडाला) एलिवेटेड रोड का उद्घाटन किया। इस एलिवेटेड रोड़ का, अजमेर रोड़ एलिवेटेड रोड़ के ऊपर से ही मिलान किया गया है। इसके उद्घाटन के साथ ही मुख्यमंत्री ने इसका नाम 'भारत जोड़ो मार्ग' दिए जाने की घोषणा की।

## Newspaper of 8 October, 2022

- **राजस्थान में इन्वेस्ट समिट-2022 सम्पन्न हुआ; इसमें 3000 से अधिक उद्योगपति शामिल हुए—**

7 अक्टूबर, 2022 को इन्वेस्ट राजस्थान समिट-2022 शुरू हुआ। इसमें अडानी ग्रुप के गौतम अडानी, वेदान्ता समूह के अनिल अग्रवाल, टाटा समूह के एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा सहित 3000 से अधिक उद्योगपति शामिल हुए। इस दौरान निवेश प्रस्ताव, रोजगार एवं अन्य क्षेत्रों से संबंधित घोषणाएँ हुईं। सबसे ज्यादा निवेश सौर ऊर्जा क्षेत्र में आया।

**राजस्थान इन्वेस्ट समिट–2022 की प्रमुख विशेषताएँ/ घोषणाएँ :**

- देश–विदेश के 3000 से अधिक उद्योगपति शामिल हुए।
- सौर ऊर्जा क्षेत्र निवेशकों की पहली पसंद बना।
- राजस्थान में 'ग्रीन हाइड्रोजन नीति' लागू करने की घोषणा की गई।
- 1.40 लाख करोड़ रुपए की 51 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास।
- उद्योगपति गौतम अडानी 65000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे तथा दो जिलों में मेडिकल कॉलेज व उदयपुर में स्टेडियम बनवाएंगे। विंड, सोलर एवं हाइब्रिड पावर क्षेत्र में निवेश करेंगे।
- सी. के. बिरला ग्रुप ₹ 1000 करोड़ का निवेश बियरिंग व ₹ 2500 करोड़ का निवेश नए सीमेंट प्लान्ट में करेगा।
- नॉन रेजीडेंट राजस्थानियों के लिए पॉलिसी लागू की गई।
- टाटा समूह की 10000 मेगावाट का अक्षय ऊर्जा पोर्टफोलियो बनाने की योजना, 19,000 ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना सहित अलग–अलग क्षेत्रों में ₹ 30,000 करोड़ निवेश की घोषणा।
- टोरेंट ग्रुप ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में निवेश और संबंधित उत्पाद तैयार करने में काम करेगा।

राजस्थान को गौरवान्वित करने वाली 6 विभूतियों पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर एम लोढ़ा, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में नियुक्त दलबीर भंडारी, वेदान्ता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, आर्सेलर मित्तल के एल. एन. मित्तल, संगीत निर्माता केसी मालु और उर्दू शायर शीन काफ निजाम को राजस्थान रत्न का सम्मान दिया गया। इन्हें सम्मान स्वरूप प्रशस्ति–पत्र, शॉल, स्मृति चिह्न व एक लाख रुपए की सम्मान राशि भेंट की गई।

## Newspaper of 9 October, 2022

- **जोधपुर में 'मारवाड़ उत्सव' शुरू हुआ—**

8 अक्टूबर, 2022 को जोधपुर में 'मारवाड़ उत्सव' की शुरुआत हुई। दो दिवसीय 'मारवाड़ उत्सव' पर्यटन विभाग और जोधपुर जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में मेहरानगढ़ दुर्ग के जयपोल से हेरिटेज वॉक के साथ शुरू हुआ। मारवाड़ समारोह सूर्यनगरी (जोधपुर) में सूर्य अराधना के साथ शुरू हुआ।

## Newspaper of 10 October, 2022

- **राजस्थान के सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पं. भंवरलाल शर्मा का निधन हुआ—**

9 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक पं. भंवरलाल शर्मा का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। राजस्थान की राजनीति में जीवनभर मायड़ की बात करने वाले पं. भंवरलाल शर्मा वर्ष 1985 में पहली बार विधायक चुने गए तथा कुल 7 बार विधायक रहे।

## Newspaper of 11 October, 2022

- **राजस्थान सरकार ने 'राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना' शुरू की—**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए 'राजस्थान ग्रामीण परिवार आजीविका ऋण योजना' शुरू की है। इस योजना की घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2022-23 के बजट भाषण में की थी।

यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए एक पहल है। इस योजना के तहत वर्ष 2022-23 में एक लाख परिवारों को अकृषि कार्यों के लिए ₹ 2000 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

योजना से संबंधित तथ्य—

- इस ऋण की न्यूनतम सीमा 25 हजार रुपए तथा अधिकतम सीमा 2 लाख रुपए तक है। इस योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को भी ऋण मिल सकेगा।
- राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में विगत 5 वर्षों से निवास कर रहे परिवार योजना के तहत ऋण के लिए पात्र होंगे।
- यह ऋण किसी वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक व सहकारी बैंक के माध्यम से मिलेगा।
- राज्य सरकार इन ऋणों के लिए 100 करोड़ रुपये का ब्याज अनुदान देगी।
- ग्रामीण क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन के साथ-साथ अकृषि गतिविधियों जैसे हस्तशिल्प, लघु उद्योग, कताई-बुनाई, रंगाई-छपाई आदि पर भी आजीविका के लिए निर्भर परिवारों को यह ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।
- इस वर्ष इन कार्यों के लिए अकृषि क्षेत्र से जुड़े एक लाख परिवारों के लिए 2,000 करोड़ रुपये के ऋण वितरण का लक्ष्य रखा गया है।
- अब ग्रामीण क्षेत्र में कृषक परिवारों को कृषि के साथ-साथ अकृषि कार्यों के लिए भी ब्याज मुक्त ऋण मिल सकेगा।
- योजना में अन्य पात्रता मापदण्डों की पूर्ति करने वाले लघु एवं सीमान्त कृषक, भूमिहीन श्रमिक, किरायेदार, मौखिक पट्टेदार, बटाईदार आदि के रूप में कृषि कार्य करने वाले परिवार भी पात्र होंगे।
- ग्रामीण दस्तकारों सहित अकृषि कार्यों से जीवन-यापन करने वाले अन्य ग्रामीण परिवार भी योजना का लाभ उठा सकेंगे।

## राजस्थान में 21 न्यायालय परिसरों में ई-सेवा केन्द्र खुलेंगे—

हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के 21 न्यायालय परिसरों में ई-सेवा केन्द्र स्थापित करने के लिए 40.32 लाख रुपए के वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दी। 21 न्यायालय परिसरों में खुलने वाले ई-सेवा केन्द्र—

| जिला | ई-सेवा केन्द्र |
|---|---|
| अजमेर | विजयनगर |
| अलवर | अलवर, मुण्डावर |
| बाड़मेर | चौहटन |
| बूंदी | तलेरा |
| चूरू | सुजानगढ़ |
| जयपुर | सांभर, विराटनगर, दूदू |
| जैसलमेर | पोकरण, जेजेबी न्यायालय |
| जालोर | रानीवाड़ा |
| झुंझुनूं | झुंझुनूं, खेतड़ी, चिड़ावा |
| जोधपुर | ओसियां |
| पाली | सोजत |
| राजसमंद | नाथद्वारा, जेजेबी एवं पारिवारिक न्यायालय परिसर |

## 'पैलेस ऑन व्हील्स' शाही रेलगाड़ी कोविड के बाद पुनः शुरू हुई—

12 अक्टूबर, 2022 राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (RTDC) की शाही रेलगाड़ी 'पैलेस ऑन व्हील्स' को कोविड-19 के बाद पुनः शुरू किया गया। यह दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से कमर्शियल ट्यूर के लिए रवाना हुई। 'पैलेस ऑन व्हील्स' शाही रेलगाड़ी को राजस्थान का सांस्कृतिक दूत कहा जाता है। यह ट्रेन पिछले 40 वर्षों (1982) से चल रही है, जिसको कोविड-19 के कारण 2020 में बंद कर दिया गया था।

## 'इंटरनेशनल डे फॉर गर्ल्स' के दिन अजमेर के मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल की छात्रा एक दिन के लिए कनाडा की उच्चायुक्त बनीं—

11 अक्टूबर, 2022 को 'इंटरनेशनल डे फॉर गर्ल्स' के मौके पर कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके ने अजमेर के मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल की बारहवीं कक्षा की छात्रा कायरा खन्ना को एक दिन के लिए भारत में कनाडा का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। ऐसा 'इंटरनेशनल डे फॉर गर्ल्स' पर पहली बार किया गया।

**Newspaper of 13 October, 2022**

## 36वें राष्ट्रीय खेल गुजरात में सम्पन्न हुए; राजस्थान 20वें स्थान पर रहा—

36वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन 29 सितम्बर, 2022 से 12 अक्टूबर, 2022 तक गुजरात में हुआ। इन खेलों की मेजबानी इस बार गुजरात की ओर से की गई। गुजरात को पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिली।

राष्ट्रीय खेलों का मुख्य समारोह नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में हुआ।

36वें राष्ट्रीय खेलों की थीम 'खेल से एकता का उत्सव' (Celebrating Unity Through Sports) रही। इन

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राष्ट्रीय खेलों का शुभंकर 'सावज' (Savaj) को रखा गया। ('सावज' गुजराती शब्द है, जिसका अर्थ 'शेर' होता है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है।)

राष्ट्रीय खेलों में कुल स्पर्धाएँ 36 तथा प्रतिभागी 37 रहे, जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों की टीम, 28 राज्य, 8 केन्द्रशासित प्रदेश रहे।

पदक तालिका में शीर्ष स्थान सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (स्वर्ण : 61, रजत : 35, कांस्य : 32; **कुल : 128 पदक**) का रहा।

**36वें राष्ट्रीय खेल की पदक तालिका**

| रैंक | टीम/राज्य/ केन्द्रशासित प्रदेश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सर्विसेज | 61 | 35 | 32 | 128 |
| 2. | महाराष्ट्र | 39 | 38 | 63 | 140 |
| 3. | हरियाणा | 38 | 38 | 40 | 116 |
| 4. | कर्नाटक | 27 | 23 | 38 | 88 |
| 5. | तमिलनाडु | 25 | 22 | 27 | 74 |
| 6. | केरल | 23 | 18 | 13 | 54 |
| 7. | मध्य प्रदेश | 20 | 25 | 21 | 66 |
| 8. | उत्तर प्रदेश | 20 | 18 | 18 | 56 |
| 9. | मणिपुर | 20 | 10 | 20 | 50 |
| 10. | पंजाब | 19 | 32 | 25 | 76 |
| **20.** | **राजस्थान** | **3** | **3** | **24** | **30** |

**राजस्थान के पदक विजेता खिलाड़ी**

| एथलीट | पदक | खेल | वर्ग | स्पर्द्धा |
|---|---|---|---|---|
| कविता सियाग | स्वर्ण | साइक्लिंग | महिला | 30 किमी. व्यक्तिगत टाइम ट्रायल |
| विवान कपूर | स्वर्ण | निशानेबाजी | पुरुष | ट्रेप |
| मुकेश चौधरी | स्वर्ण | वुशु | पुरुष | सांडा-75 किग्रा. |
| यमनदीप शर्मा | रजत | एथलेटिक्स | पुरुष | डेकाथलॉन |
| नितेश पूनिया | रजत | एथलेटिक्स | पुरुष | हेमर थ्रो |
| करन सिंह | रजत | तलवारबाजी | पुरुष | साबरे व्यक्तिगत |
| टीम | कांस्य | तीरंदाजी | पुरुष | टीम पर्श्यूट |
| अनुज कुमार | कांस्य | तीरंदाजी | पुरुष | व्यक्तिगत |
| रणवीर सिंह | कांस्य | एथलेटिक्स | पुरुष | पोल वाल्ट |
| उमेश लाम्बा | कांस्य | एथलेटिक्स | पुरुष | डेकाथलॉन |
| नीरज कुमार | कांस्य | मुक्केबाजी | पुरुष | हेवीवेट |
| सुमित पुनिया | कांस्य | मुक्केबाजी | पुरुष | लाइटवेट |
| ललिता | कांस्य | मुक्केबाजी | महिला | वेल्टरवेट |
| टीम | कांस्य | साइक्लिंग | पुरुष | टीम स्प्रिंट |
| टीम | कांस्य | साइक्लिंग | पुरुष | टीम पर्श्यूट |
| ध्यान सिंह | कांस्य | जूडो | पुरुष | 100 किग्रा. से अधिक |
| टीम | कांस्य | रोईंग | पुरुष | क्वाड्रापल स्कल्स |
| टीम | कांस्य | रोईंग | पुरुष | कोक्सलेस फोर |
| टीम | कांस्य | निशानेबाजी | मिश्रित | 10 मी. राइफल्स टीम |
| टीम | कांस्य | स्क्वैश | महिला | टीम |
| टीम | कांस्य | वॉलीवॉल | महिला | टीम |
| श्योपत सिंह | कांस्य | भारोत्तोलन | पुरुष | 109+ किग्रा. |
| देशराज | कांस्य | कुश्ती | पुरुष | ग्रीको रोमन-60 किग्रा. |
| प्रीति कुमारी | कांस्य | कुश्ती | महिला | फ्रीस्टाइल-57 किग्रा. |
| मोनिका | कांस्य | कुश्ती | महिला | फ्रीस्टाइल-68 किग्रा. |
| छगन मीना | कांस्य | कुश्ती | पुरुष | ग्रीको रोमन 87 किग्रा. |
| नितिका बंसल | कांस्य | वुशु | महिला | 60 किग्रा. |
| जाह्नवी मेहरा | कांस्य | वुशु | महिला | 52 किग्रा. |
| शुभम गोरा | कांस्य | वुशु | पुरुष | 70 किग्रा. |
| बलवंत सिंह | कांस्य | वुशु | पुरुष | दावशु व गुनशु |

इन राष्ट्रीय खेलों में पदक तालिका में राजस्थान का स्थान 20वाँ रहा। राजस्थान ने 3 स्वर्ण, 3 रजत, व 24 कांस्य सहित कुल 30 पदक जीते।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

संजीव प्रकाशन

## Newspaper of 14 October, 2022

- **बीकानेर के पूगल में 2,000 मेगावाट का सोलर पार्क बनेगा—**

बीकानेर के पूगल में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम द्वारा 810 मेगावाट तथा कोल इंडिया द्वारा 1190 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना स्थापित की जाएंगी। कोल इंडिया द्वारा 1190 मेगावाट के सोलर पार्क के लिए कोल इंडिया लिमिटेड तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के बीच एमओयू हुआ है। इसके लिए 4,846 हैक्टेयर भूमि आवंटित की गई है।

राजस्थान सौर ऊर्जा के उत्पादन में पूरे देश में अव्वल है।

## Newspaper of 15 October, 2022

- **राजस्थान में संभाग स्तर पर फिटनेस सेंटर तथा जिलों में ओपन जिम बनेंगे—**

राजस्थान बजट वर्ष 2022-23 में सभी संभागों पर स्टेट ऑफ द आर्ट जिम एण्ड फिटनेस सेंटर तथा जिला मुख्यालयों पर ओपन जिम खोलने की घोषणा की गई थी।

- अब इसके तहत राज्य सरकार ने फिटनेस सेंटर और ओपन जिम से संबंधित 35 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है।
- एसएमएस स्टेडियम जयपुर, बरकतुल्लाह खान स्टेडियम जोधपुर तथा शेष 5 संभागों अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, भरतपुर एवं कोटा में 32.50 करोड़ रुपये की लागत से स्टेट ऑफ द आर्ट जिम एण्ड फिटनेस सेंटर खोले जाएंगे।
- सभी संभागीय मुख्यालयों पर स्टेट ऑफ द आर्ट जिम एण्ड फिटनेस सेंटर बनेंगे। सभी जिला मुख्यालयों पर 2.50 करोड़ रुपये की लागत से ओपन जिम खोले जाएंगे।

- **राजस्थान हाइकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल ने शपथ ली।**

14 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान हाइकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्थल को राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में पथ की शपथ दिलाई। इन्हें हाल ही में राजस्थान हाइकोर्ट का नया मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

## Newspaper of 16 October, 2022

- **पीएमश्री विद्यालयों के लिए राजस्थान सरकार एवं स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के बीच एमओयू हआ—**

14 अक्टूबर, 2022 को पीएमश्री विद्यालयों के लिए राजस्थान सरकार व स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के बीच एमओयू हुआ।

पीएमश्री योजना स्कूली शिक्षा को मजबूती देने के लिए शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू की गई। इसके तहत राज्य में पीएमश्री योजना को लागू किया जा रहा है।

## Newspaper of 19 October, 2022

- **विधानसभा में पारित 3 बिलों को राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंजूरी दी—**

18 अक्टूबर, 2022 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा में पारित 3 बिलों को मंजूरी प्रदान की है। ये तीन बिल निम्न हैं–

**(1) पूर्व विधायक सरकारी खर्चे पर विदेश जा सकेंगे—**

पहला विधेयक- अधिकारियों व सदस्यों की परिलब्धियां और पेंशन (संशोधन) विधेयक, 2022 के तहत विधायकों की तर्ज पर पूर्व विधायक भी सरकारी खर्चे पर विदेश यात्रा के लिए जा सकेंगे। उन्हें यात्रा का किराया स्पीकर से मंजूरी लेने पर ही मिलेगा।

**(2) वकीलों को 5 लाख रुपए तक का बीमा मिलेगा—**

दूसरा विधेयक- राजस्थान एडवोकेट वेलफेयर फंड (संशोधित) बिल 2022 है। वेलफेयर फंड की 50 साल वाली मैंबरशिप वाले बुजुर्ग वकीलों को 15 लाख रुपए तुरंत मिल सकेंगे। डेथ क्लेम राशि ढ़ाई लाख रु. से बढ़ाकर 5 लाख रु. की है। साधारण बीमारी में मेडिक्लेम 40 हजार रु. से बढ़ाकर 80 हजार व गंभीर बीमारी में दो लाख रु. किया है। लगभग एक लाख से अधिक वकीलों को लाभ मिलेगा।

**(3) सहकारी समिति के सदस्य दो से ज्यादा बार बन सकेंगे—**

तीसरा विधेयक- राजस्थान सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक 2022 है। इसके अनुसार सहकारी समितियों के सदस्य दो से ज्यादा बार चुने जा सकेंगे। दो बार चुने जाने के बाद पांच साल का अंतर जरूरी नहीं होगा। संशोधन के जरिए कानून में से इस नियम को हटा दिया गया है।

- **राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों की जिओ टैगिंग होगी—**

हाल ही में राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों की परिसम्पत्तियों, योजनाओं एव कार्यों की भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के माध्यम से टैगिंग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। जिओ टैगिंग के बाद इन परिसम्पत्तियों को एक मैप से जोड़ा जाएगा। जिओ टैगिंग होने से आपदा या

महामारी जैसी स्थिति में आवश्यकता होने पर उनके प्रबंधन, संसाधनों के संग्रहण एवं वितरण में आसानी होगी।

**Newspaper of 20 October, 2022**

- **राजस्थान में 2024 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियाँ बनेंगी—**

राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएसएस) स्थापित होने के चलते सहकारिता विभाग ने राज्य में मार्च, 2023 तक 2024 नई ग्राम सेवा सहकारी समिति (जीएसएसएस) स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इससे किसानों को कृषि ऋण सहित विभिन्न खाद-बीज आदि की उपलब्धता तथा फसल उत्पादों की खरीद में सहूलियत हो सकेगी।

- **दिल्ली हाट की तर्ज पर जयपुर में भी अर्बन हाट विकसित होगा—**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने दिल्ली हाट की तर्ज पर जयपुर अर्बन हाट को विकसित किए जाने की मंजूरी प्रदान की है। इस हेतु 9 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

अर्बन हाट से संबंधित तथ्य—

- ♦ राज्य में दस्तकारों एवं बुनकरों द्वारा उत्पादित माल की राज्य स्तर पर मार्केटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अर्बन हाट की स्थापना हेतु बजट में घोषणा की गई थी।
- ♦ अर्बन हाट शिल्प एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक स्थायी मेला होगा। इसमें राज्य के विभिन्न स्थानों से आए कारीगर, शिल्पकार शामिल हो सकेंगे।
- ♦ अर्बन हाट में हस्तशिल्प उत्पादों एवं कलाकृतियों की विविधता उपलब्ध होगी।

- **राजस्थान सरकार ने राजस्थान पुलिस के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में 500 नई मोबाइल यूनिट के गठन को मंजूरी दी—**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान पुलिस के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण की दिशा में 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर 500 नई मोबाइल यूनिट के गठन को मंजूरी दी है। इन मोबाइल पुलिस जाँच यूनिट्स (एमआईयू) को अभय कमांड सेन्टर (डायल 100/डायल 112) से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक मोबाइल यूनिट में 1 हैड कांस्टेबल व 2 कांस्टेबल होंगे।

**Newspaper of 21 October, 2022**

- **राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का समापन हुआ; 26 जनवरी, 2023 से शहरी ओलम्पिक खेलों का आयोजन होगा—**

20 अक्टूबर, 2022 को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में समापन हुआ। राजस्थान में ग्रामीण ओलम्पिक खेलों ने नया इतिहास रचा है। इसमें लगभग 30 लाख ग्रामीणों ने मैदान में अपना प्रदर्शन दिखाया। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक में विभिन्न खेलों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं टीमों का प्रदर्शन निम्न प्रकार रहा—

**कबड्डी**

| | |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** | 1. सुश्री प्रियंका-चाईया, हनुमानगढ़ |
| | 2. श्री सोनू-गागड़वास, चूरू |

| मेडल | महिला टीम | पुरुष टीम |
|---|---|---|
| गोल्ड | चाईया, हनुमानगढ़ | गागड़वास, चूरू |
| सिल्वर | नागड़ी, नागौर | पीलीबंगा, हनुमानगढ़ |
| ब्रॉन्ज | तिलोनिया, अजमेर | गुंदीसर, नागौर |

**क्रिकेट**

| | |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** | 1. सुश्री ज्वाला-नांगल पुरोहितान, जयपुर |
| | 2. श्री बिशनाराम-बज्जू, बीकानेर |

| मेडल | महिला टीम | पुरुष टीम |
|---|---|---|
| गोल्ड | नांगल पुरोहितान, जयपुर | बज्जू, बीकानेर |
| सिल्वर | तिलोनिया, अजमेर | श्रीमोहनगढ़, जैसलमेर |
| ब्रॉन्ज | बड़गांव, उदयपुर | सज्जनगढ़, बांसवाड़ा |

**वॉलीबॉल**

| | |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** | 1. सुश्री कविता-सिलवाड़ा, हनुमानगढ़ |
| | 2. श्री संदीप-चांदकोठी, चूरू |

| मेडल | महिला टीम | पुरुष टीम |
|---|---|---|
| गोल्ड | सिलवाड़ा, हनुमानगढ़ | चांदकोठी, चूरू |
| सिल्वर | राजपुरा पदमपुर, श्रीगंगानगर | हमीनपुर, झुंझुनूं |
| ब्रॉन्ज | जिगसाना ताल, चूरू | सांवलियाजी, चित्तौड़गढ़ |

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

### हॉकी

| | |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** | 1. सुश्री नर्मदा-मलसीसर, चूरू |
| | 2. श्री लविश-नोहर, हनुमानगढ़ |

| **मेडल** | **महिला टीम** | **पुरुष टीम** |
|---|---|---|
| गोल्ड | गुरूसर, हनुमानगढ़ | नोहर ढंढेला, हनुमानगढ़ |
| सिल्वर | मलसीसर, चूरू | सवाईपुर, भीलवाडा |
| ब्रॉन्ज | बावड़ी खण्डेला, सीकर | कानुपरा, अजमेर |

### खो-खो ( महिला )

| | |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** | सुश्री कंचन सामोता (छिलेवाला, सीकर) |

| **मेडल** | **टीम** |
|---|---|
| गोल्ड | छिलेवाला, सीकर |
| सिल्वर | लखासर, बीकानेर |
| ब्रॉन्ज | संगरिया, हनुमानगढ़ |

### शूटिंग वॉलीबॉल ( पुरुष )

| | |
|---|---|
| **सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी** | श्री जसविंदर सिंह (मलेड़खेड़ा, हनुमानगढ़) |

| **मेडल** | **टीम** |
|---|---|
| गोल्ड | मलेड़खेड़ा, हनुमानगढ़ |
| सिल्वर | मिर्जेवाला, श्रीगंगानगर |
| ब्रॉन्ज | निवारू, जयपुर |

राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के समापन के अवसर पर 26 जनवरी, 2023 से, राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों के आयोजन की घोषणा भी की गई। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्षा कृष्णा पूनिया है।

**Newspaper of 22 October, 2022**

- **आईआईटी जोधपुर में डीआरडीओ-इंडस्ट्री-एकेडेमिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेगा—**

हाल ही में आईआईटी, जोधपुर ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ 20 अक्टूबर, 2022 से एक सहमति करार (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत आईआईटी, जोधपुर में डीआरडीओ-इंडस्ट्री-एकेडेमिया उत्कृष्टता का केन्द्र स्थापित किया जाएगा।

यह केन्द्र आईआईटी और डीआरडीओ दोनों संगठनों के सहयोग से निर्धारित कार्य क्षेत्रों में अनुसंधान करेगा।

- **कोटा पूर्ण रूप से सिग्नल फ्री शहर बना—**

हाल ही में कोटा शहर पूर्ण रूप से सिग्नल फ्री शहर बना है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 22 अक्टूबर, 2022 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोटा में नए विकास कार्यों का लोकार्पण किया, जिससे कोटा में विकास के एक नए युग की शुरुआत हुई। विकास कार्यों के अन्तर्गत कोटा शहर में सिटीमॉल फ्लाईओवर सहित 7 से ज्यादा फ्लाईओवर एवं अंडरपास का निर्माण हुआ है, जिसमें 1200 मीटर लम्बा इंदिरा गांधी फ्लाईओवर प्रमुख है। इनसे कोटा पूरी तरह सिग्नल फ्री शहर हो गया है।

- **केन्द्र सरकार के प्रोजेक्ट के तहत संजीवनी सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेलिपेड बनेंगे—**

केन्द्र सरकार के प्रोजेक्ट संजीवनी के तहत सड़क दुर्घटना में घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर हेलिपैड बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर को घायल तक पहुँचाने का लक्ष्य 20 मिनट रखा गया है, जिससे घायलों को पहले 1 घंटे (गोल्डन आवर) में उपचार मिल सकेगा। यह एंबुलैंस के देरी से पहुँचने पर घायलों को समय पर इलाज नहीं मिलने के मद्देनजर किया जा रहा है। यहाँ डॉक्टर तथा स्ट्रेचर सहित आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण उपलब्ध होंगे, जिससे शीघ्र उपचार मिल सकेगा।

**Newspaper of 23 October, 2022**

- **'राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022' को मंजूरी दी गई; तुरंत प्रभाव से राजस्थान में लागू हुआ—**

हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022' को मंजूरी दी है। इसे राजस्थान में विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए लागू किया गया है।

इस नियम से राजस्थान सरकार में विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों जिसमें शिक्षा विभाग के शिक्षाकर्मी, पैराटीचर्स, ग्राम पंचायत सहायक, अंग्रेजी माध्यम अध्यापक सहित कुल 41423 संविदाकर्मी, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के 5,697 मदरसा पैरा टीचर्स, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

44,823 संविदाकर्मियों सहित कुल 1,10,279 लाभान्वित होंगे।

'राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स, 2022' से संबंधित तथ्य—

- ♦ कॉन्ट्रेक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स लागू होने से संविदाकर्मियों की भर्ती पारदर्शी तरीके से ही हो सकेगी।
- ♦ इसमें वर्गवार आरक्षण का प्रावधान भी रखा गया है।
- ♦ जो संविदाकर्मी 5 वर्ष तक काम कर लेंगे, भविष्य में उन पदों के नियमित होने पर उन्हीं संविदाकर्मियों में से स्क्रीनिंग कर उन्हें स्थायी किया जा सकेगा।
- ♦ संविदाकर्मियों के मानदेय के निर्धारण के लिए नियमों में संविदा पदों और स्थायी पदों के लिए समकक्षता तय की जाएगी।
- ♦ स्पेशल पे प्रोटेक्शन का प्रावधान भी रखा गया है।
- ♦ नियमित होने पर इन कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ भी दिया जाएगा।

- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मानसरोवर (जयपुर) स्थित सिटी पार्क का लोकार्पण किया—**

21 अक्टूबर, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर मानसरोवर (जयपुर) स्थित सिटी पार्क का लोकार्पण किया। यह सिटी पार्क राजस्थान आवासन मण्डल (RHB) ने बनाया है। यह 52 एकड़ में फैला है तथा इसकी अनुमानित लागत 55 करोड़ रुपए है।

- **राजस्थान में श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा से 5जी मोबाइल सेवा का आगाज (सांकेतिक) हुआ; रिलायंस जिओ के चेयरमैन आकाश अंबानी ने मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर 5 जी की शुरुआत की—**

22 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान में श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा से 5जी मोबाइल सेवा का आगाज (सांकेतिक) हुआ। रिलायंस जिओ के चेयरमैन आकाश अंबानी ने मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बटन दबाकर 5जी सेवा की शुरुआत की। राजस्थान के प्रमुख शहरों में अगले 3 से 6 माह में 5जी सर्विस मिलने लगेगी।

- **राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के पहचान वेब एप को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिला—**

हाल ही में राजस्थान के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय को सीआईआई एवं टाटा कम्यूनिकेशन फॉर डिजीटल ट्रांसफॉर्मेशन के द्वारा वर्ष 2022 के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पहचान वेब एवं एप के माध्यम से जन्म, मृत्यु, विवाह एवं एमसीडीसी रजिस्ट्रेशन में बेहतर कार्य के लिए दिया गया है।

- **जयपुर परकोटा (चारदीवारी) के 6.8 वर्ग किमी. के लिए अलग अथॉरिटी बनेगी; संरक्षण और सुनियोजित विकास हो सकेगा—**

राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर परकोटा (चारदीवारी) के 6.8 वर्ग किमी. के लिए अलग अथॉरिटी (प्राधिकरण) बनाना प्रस्तावित है। ऐसा हैरिटेज को संरक्षित और सुरिक्षत करने तथा सुनियोजित विकास के लिए किया जा रहा है। इस हेतु 'जयपुर सिटी हैरिटेज डवलपमेंट अथॉरिटी' का गठन होगा। इसके लिए नगरीय विकास विभाग के सलाहकार जी. एस. संधु की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है।

चारदीवारी विश्व विरासत सूची में शामिल है, जिसकी बिगड़ती स्थिति पर यूनेस्को द्वारा नाराजगी जताए जाने पर नवीन ऑथोरिटी (प्राधिकरण) के गठन का फैसला लिया गया है।

## Newspaper of 24 October, 2022

- **राजस्थान में राजीव गांधी किसान बीज उपहार योजना रबी 2022-23 लागू; किसानों को उपहारस्वरूप ट्रेक्टर, बैट्री ऑपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर मशीन एवं किसान टॉर्च मिलेगी—**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने प्रदेश के किसानों के लिए राजीव गांधी किसान बीज उपहार योजना रबी 2022-23 लागू की है, इस योजनान्तर्गत प्रत्येक जिले में एक ट्रेक्टर, 20 बैट्री ऑपरेटेड नेपसेक स्प्रेयर मशीन एवं 30 किसान टॉर्च किसानों को लॉटरी के माध्यम से उपहारस्वरूप मिलेंगे।

यह योजना राजस्थान राज्य बीज निगम की ओर से संचालित की जा रही है। इस योजना के मद में 4 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

- **राजस्थान सरकार की घोषणा के तहत प्रदेश में 3 नए बोर्ड 'राजस्थान चर्म शिल्प कला विकास बोर्ड', 'राजस्थान राज्य महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड' तथा 'राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड' गठित होंगे—**

हाल ही में राजस्थान सरकार की घोषणा के तहत प्रदेश में 3 नए बोर्ड 'राजस्थान चर्म शिल्प कला विकास बोर्ड', 'राजस्थान राज्य महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड' तथा 'राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड' गठित होंगे। इनके गठन की हाल ही में राज्य सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है।

राजस्थान चर्म शिल्प कला विकास बोर्ड का प्रशासनिक विभाग उद्योग एवं वाणिज्य विभाग होगा तथा राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड और महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड का गठन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**राजस्थान राज्य महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड-**

- राजस्थान में काछी, कुशवाह, माली, सैनी इत्यादि बागवान समाज के विभिन्न वर्गों के सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर में वृद्धि के उद्देश्य से महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड गठित किया जाएगा। यह बागवान समाज की आर्थिक अभिवृद्धि और कल्याण के लिए योजना प्रस्तावित करेगा।

**राजस्थान चर्म शिल्प कला विकास बोर्ड-**

- चर्म शिल्प कला विकास बोर्ड के गठन से राज्य के औद्योगिक विकास में इस व्यवसाय से जुड़े लोगों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होगी।
- बोर्ड से चर्म शिल्प से जुड़े लोगों की सामाजिक सुरक्षा हेतु योजनाएं बनेंगी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन होगा।
- बोर्ड के माध्यम से उनके कार्यस्थल आदि पर समस्त आधारभूत सुविधाओं यथा - सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, उत्पादों के विपणन हेतु मार्केटिंग सेन्टर विकसित हो सकेंगे।
- इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों को आधुनिक तकनीक आधारित चर्म रंगाई एवं अन्य उत्पादों हेतु प्रतिष्ठित संस्थाओं के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जा सकेगी।
- बोर्ड इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों की सामाजिक सुरक्षा हेतु योजनाएं बनाएगा।
- इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों के विकास हेतु समुचित वित्तीय सहयोग एवं बैंकों से वित्त का प्रबंध भी हो सकेगा।
- बोर्ड द्वारा चर्म उत्पादों की खरीद में निविदा प्रक्रिया से मुक्त रखने का कार्य भी हो सकेगा। चर्म उत्पादों की खरीद, तकनीकी प्रोद्यौगिकी में सहयोग के अलावा फुटवियर निर्माण एवं चर्म उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा।

**राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड-**

- राज्य सरकार ने रजक समाज के विभिन्न वर्गों की स्थिति का जायजा लेने के बाद प्रामाणिक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर इन वर्गों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा समस्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए सुझाव देने के उद्देश्य से राजस्थान राज्य रजक कल्याण बोर्ड के गठन का निर्णय लिया। इससे रजक समाज के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय बेहतर होगा तथा परंपरागत व्यवसाय के वर्तमान हालात में बदलाव लाकर इसे और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। रजक समाज के लिए नई विकास योजनाएं बनाई जा सकेंगी तथा उत्थान के लिए कदम उठाए जा सकेंगे।

- **पंचायतीराज विभाग राजस्थान के सभी 33 जिलों में जिला परिषद् के माध्यम से गोवर्धन परियोजनान्तर्गत बायो गैस संयंत्र लगाएगा—**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा की गई घोषणान्तर्गत पंचायतीराज विभाग सस्ता और सुलभ ईंधन उपलब्ध करवाने के लिए राज्य के सभी 33 जिलों में जिला परिषद् के माध्यम से गोवर्धन परियोजनान्तर्गत बायो गैस संयंत्र लगाएगा। इसका पूरा खर्च पंचायतीराज विभाग वहन करेगा तथा मॉनिटरिंग जिला परिषद् करेगी। हर संयंत्र पर ₹ 50 लाख तक खर्च होंगे। इस योजनान्तर्गत गैस बनाने के लिए गोबर नजदीक के पशुपालकों व गौशालाओं से एकत्रित किया जाएगा।

- **राजस्थान के उदयपुर-बांसवाड़ा के 6 क्षेत्रों में स्वर्ण भंडार मिले; सोने की उपलब्धता लगभग 25% (देश में सर्वाधिक)-**
  - **उदयपुर के क्षेत्र—देवगांव, राठ़ी, हरमतिया खुर्द, बड़ा तालाब व झड़प बावड़ी।**
  - **बांसवाड़ा के क्षेत्र—घाटियान एरिया।**

हाल ही में राजस्थान के उदयपुर-बांसवाड़ा के 6 क्षेत्रों में स्वर्ण भंडार मिले हैं। इनमें सोने की उपलब्धता 25% है, जो देश में सर्वाधिक है। अब राजस्थान स्वर्ण स्थल के रूप में भी पहचाना जाएगा।

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2020 में ऑबियस जियोलॉजिकल पोटेंशियल (ओजीपी) एरिया रिवाइस किया था और जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया (जीएसआई) ने 2021-22 में एक्सप्लोरेशन सर्वे किया था। इस सर्वे में स्वर्ण खजाने के लिए जो नए एरिया पहचाने गए हैं वे उदयपुर के-देवगांव, राठ़ी, हरमतिया खुर्द, बड़ा तालाब व झड़प बावड़ी क्षेत्र व बांसवाड़ा का घाटियान क्षेत्र है।

राजस्थान का ओजीपी एरिया 33337 वर्ग किमी. है।

- राजस्थान में स्वर्ण भंडार की असीम संभावनाओं को देखते हुए केन्द्र ने ओजीपी एरिया रिवाइज किया। उसमें सर्वाधिक क्षेत्र 33337 वर्ग किमी राजस्थान का है। स्वर्ण उत्पादक राज्य कहलाने वाले कर्नाटक का एरिया कुछ अधिक 33830 वर्ग किमी. किया है।
- राष्ट्रीय खनिज सूची के आंकड़ों के अनुसार देश में कुल स्वर्ण अयस्क भंडार लगभग 501.83 मिलियन टन है। प्राथमिक सोने के सबसे बड़े संसाधन 44% बिहार में हैं, इसके बाद 25% राजस्थान में कर्नाटक में 21%, पश्चिम बंगाल में 3%, आंध्रप्रदेश में 3% और झारखण्ड में 2% है।

**भारत के 11 अन्य राज्यों में मिले स्वर्ण भंडार के क्षेत्र**

केन्द्र सरकार ने गोल्ड एक्सप्लोरेशन के तहत एफडीआई को 100% मंजूरी दी है तथा निजी कंपनियों को इंवेस्ट के लिए आकर्षित किया जा रहा है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| राज्य | स्वर्ण भंडार के क्षेत्र |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ | सलीहा, पारसपल्ली, फारसबहार व टूबा |
| मध्यप्रदेश | मिशिर गांव का एरिया |
| उड़ीसा | केंदूझार का गोपुर एरिया |
| उत्तराखण्ड | पिथौरागढ़ का आसनथान एरिया |
| उत्तरप्रदेश | सोनभद्र, हर्षारायगढ़ व कुरकुटी |
| आंध्रप्रदेश | भागमपल्ली, काशीनगरम्, वरदायाकोंडा व क्रिशनगिरी |
| कर्नाटक | सिदलपुर, चिकमंगलूर, हनी व बुकमबड़ी |
| गुजरात | साबरकांठा का शेमलभुज व बहेड़ा |
| केरल-लक्षद्वीप | मुल्लियाकुर्सी व वट्टाथुर |

## Newspaper of 27 October, 2022

- **राजस्थान सरकार के जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अल्प संख्यक मामलात, स्कूल शिक्षा विभाग आदि के अधीन संचालित 344 आवासीय विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी बनेगी—**

हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के 344 आवासीय विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने को मंजूरी दी है तथा 36.56 करोड़ रुपए स्वीकृत किए। इनमें जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अल्पसंख्यक मामलात, स्कूल शिक्षा विभाग आदि के अधीन संचालित आवासीय विद्यालय डिजिटल लाइब्रेरी से लाभान्वित होंगे।

डिजिटल लाइब्रेरी 500 आवासीय विद्यालयों में खोलना प्रस्तावित है। वर्तमान में 344 आवासीय विद्यालयों हेतु स्वीकृति मिली है।

प्रथम चरण में चयनित विद्यालयों में 9वीं से 12वीं की कक्षाओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

डिजिटल लाइब्रेरी में निम्न सुविधाएँ होंगी—

- हार्डवेयर: प्रत्येक लाइब्रेरी में 12 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, एक सर्वर डेस्कटॉप, यूपीएस, हैडफोन, फर्नीचर, इंटरनेट कनेक्शन आदि होंगे।
- सॉफ्टवेयर: लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन और विभिन्न विषयों से संबंधित डिजिटल किताबों एवं संदर्भ ग्रन्थों की खरीद और पत्र-पत्रिकाओं आदि का सब्सक्रिप्शन होगा।

## Newspaper of 28 October, 2022

- **राजस्थान पुलिस के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आइपीएस उमेश मिश्रा बने; इनका कार्यकाल अक्टूबर 2024 तक रहेगा—**

27 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान पुलिस के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आइपीएस उमेश मिश्रा को बनाया गया है। वे 3 नवम्बर को सेवानिवृत्त हो रहे वर्तमान डीजीपी एम.एल. लाठर का स्थान लेंगे।

उमेश मिश्रा भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं, वे अक्टूबर 2024 तक डीजीपी के पद पर बने रहेंगे। वे वर्तमान में डीजीपी (इंटेलीजेंस) के रूप में अगस्त, 2021 से कार्यरत हैं।

## Newspaper of 29 October, 2022

- **जोधपुर वायुसेना स्टेशन में भारत-फ्रांस वायुसेना का संयुक्त अभ्यास शुरू हुआ—**

हाल ही में भारतीय वायुसेना और फ्रांसीसी वायु और अंतरिक्ष बल (एफएएसएफ) का संयुक्त वायुसेना अभ्यास गरुड़ का सातवां संस्करण जोधपुर वायुसेना स्टेशन में शुरू हुआ। यह अभ्यास दोनों देशों को हवा में ताकत को परखने और उसे तकनीकी रूप से अधिक मजबूती प्रदान करेगा, जिससे दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी।

- फ्रांस की और से संयुक्त अभ्यास में शामिल होंगे—चार रफाल लड़ाकू विमान, एक ए-330 मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान तथा 220 कर्मियों की एक टुकड़ी।
- भारत की और से संयुक्त अभ्यास में शामिल होंगे-एसयू-30 एमकेआइ, रफाल, एलसीए तेजस, जगुआर लड़ाकू विमान, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) व एमआइ-17 हेलीकॉप्टर के सहित अन्य लड़ाकू विमान।

- **राजस्थान में ब्लॉकचेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनेगा—**

राजस्थान सरकार ने राजस्थान में ब्लॉकचेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का निर्णय लिया है, इसके लिए 33.28 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके लिए राज्य सरकार ने आईआईटी कोटा से एमओयू किया है। इससे इंटीग्रेटेड फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स, जनआधार रेजिडेंट डाटा रिपॉजिटरी आदि में पारदर्शिता एवं सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वर्ष 2022-23 के बजट में ब्लॉकचेन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा की थी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 30 October, 2022

- **नाथद्वारा में विश्व की सबसे ऊँची भगवान शिव की प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम्' का लोकार्पण हुआ—**

29 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के नाथद्वारा में विश्व की सबसे ऊँची भगवान शिव की प्रतिमा 'विश्वास स्वरूपम्' का लोकार्पण हुआ। यह शिव प्रतिमा 369 फीट ऊँची है। इसका लोकार्पण संत मोरारी बापू ने किया।

यह शिव प्रतिमा तत्पदम संस्थान की ओर से निर्मित है तथा इसे 'विश्वास स्वरूपम्' (स्टेच्यू ऑफ बिलीफ) नाम दिया गया है। इस प्रतिमा में भगवान शिव गणेश टेकरी पर अल्हड़ मुद्रा में बैठे हुए हैं।

इस प्रतिमा को शिल्पकार नरेश प्रजापति के निर्देशन में बनाया गया है। इसमें 4 लिफ्ट भी लगाई गई हैं, जिससे पर्यटक 369 फीट ऊँचाई तक पहुँच सम्पूर्ण नाथद्वारा क्षेत्र को देख सकते हैं।

- **राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर मेट्रो फेज-1डी (मानसरोवर से अजमेर रोड़) के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की गई—**

29 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर मेट्रो के फेज-1डी (मानसरोवर से अजमेर रोड़) के लिए 204.81 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई। जयपुर मेट्रो का फेज-1 डी दो किमी. का एलिवेटेड होगा, जिसमें अजमेर रोड़ पर एक मेट्रो स्टेशन बनाया जाएगा।

राजस्थान बजट 2022-23 में जयपुर मेट्रो के फेज-1 सी (बड़ी चौपड़ से ट्रांसपोर्ट नगर) तथा फेज-1 डी (मानसरोवर से अजमेर रोड़) बनाए जाने की घोषणा की गई थी।

वर्तमान में जयपुर मेट्रो का संचालन फेज-1 (मानसरोवर से चांदपोल) व फेज-1 बी (चांदपोल से बड़ी चौपड़) के बीच हो रहा है।

- **राजस्थान सरकार द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन से लौटे राजस्थान के छात्रों के हवाई यात्रा किराए के पुनर्भरण की स्वीकृति प्रदान की गई—**

हाल ही में राजस्थान सरकार द्वारा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन से भारत लौटे राजस्थानी विद्यार्थियों को हवाई यात्रा किराए के पुनर्भरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस स्वीकृति के तहत 1 फरवरी, 2022 से 14 फरवरी, 2022 तक स्वयं के खर्चे पर यूक्रेन से भारत लौटने वाले राजस्थान के विद्यार्थियों के हवाई यात्रा किराए की राशि का पुनर्भरण राज्य सरकार द्वारा आवासीय आयुक्त, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली के माध्यम से किया जाएगा।

- **राजस्थान सरकार ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2022 (रिप्स-2022) के तहत लाभार्थियों को विद्युत शुल्क में छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी—**

हाल ही में राजस्थान सरकार ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2022 (रिप्स-2022) के तहत लाभार्थियों को विद्युत शुल्क में छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस मंजूरी से रिप्स-2022 में सम्मिलित इकाइयों को उनके द्वारा उपयोग की गई विद्युत पर लगने वाले विद्युत शुल्क में छूट मिल सकेगी।

अगस्त, 2022 में राजस्थान में उद्योगों के उचित विकास एवं निवेश के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए रिप्स-2022 योजना शुरू की गई है।

## Newspaper of 31 October, 2022

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज लाइन का उद्घाटन किया—**

31 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असारवा (अहमदाबाद) स्टेशन से उदयपुर-अहमदाबाद ब्रॉडगेज लाइन का उद्घाटन किया। यहाँ पूर्व में मीटरगेज लाइन पर ट्रेनों का संचालन होता था।

- **जयपुर में सवाई मानसिक अस्पताल (SMS) के बाद अब जयपुरिया हॉस्पिटल में भी ट्रॉमा सेन्टर बनाया जाएगा; परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के रोड़ सेफ्टी फंड से वित्तीय स्वीकृति मिली—**

जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल (SMS) के बाद अब जयपुरिया अस्पताल में भी ट्रॉमा सेन्टर बनाया जाएगा। हाल ही में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के रोड़ सेफ्टी फंड से जयपुरिया अस्पताल में ट्रॉमा सेन्टर बनाने के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है।

यह ट्रॉमा सेन्टर जयपुरिया अस्पताल में लगभग 500 वर्ग मीटर में बनेगा तथा 57.8 करोड़ रुपए खर्च आएगा।

जयपुरिया अस्पताल में बनने वाले ट्रॉमा में निम्न खासियतें होंगी—

- ट्रॉमा सेन्टर लगभग 500 वर्गमीटर भूमि पर बनेगा।
- इमरजेन्सी में 20 बेड, ऑपरेशन थिएटर में 2 टेबल, आईसीयू में 4 बैड उपलब्ध रहेंगे।
- भर्ती होने से लेकर दवा, जांच और इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी।
- सोनोग्राफी, ईसीजी, एक्सरे, पैथेलॉजी, बायोकेमिस्ट्री आदि जांच सुविधा मिलेगी।
- न्यूरो, आर्थोपेडिक सर्जन कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध रहेंगे।
- कंप्यूटराइज्ड सेन्टर बनाया जाना प्रस्तावित है, जिससे परिजनों को मरीज के बारे में मोबाइल पर जानकारी मिलती रहेगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**47 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

**राजस्थान में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु**

## संजीव प्रकाशन

**द्वारा प्रकाशित पुस्तकों से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करें।**


प्रभात वालिया की पुस्तक




## Quality Education टीम द्वारा तैयार पुस्तकें




## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार पुस्तकें




**संजीव वेबसाइट से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क डाउनलोड करें।**

**प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर**

Visit us at : www.sanjivprakashan.com